# ओलवि रडिले कछुए

[स्रोत: इंडयिन एक्सप्रेस](#)


## चर्चा में क्यों?

हाल ही में **पारंपरकि चीनी स्काई लेंटर्न महोत्सव (Chinese Sky Lantern Festival)** ने **पर्यावरणवदिों और वन्यजीव संरक्षणवादयिों के मध्य आक्रोश उत्पन्न कर दयिा है,** क्योंकयिह **लुप्तप्राय** [ओलवि रडिले कछुओं](#) के घोंसले के स्थान के पास आयोजति कयिा गया था।

- **पर्यावरणवदिों के अनुसार, इन लालटेनों में प्रयोग कयिे गए बाँस या धातु के तार के फ्रेम को वघिटति होने में महीनों लगते हैं और ये वन्यजीवों, मछलयिों, डॉल्फनिों, पक्षयिों व कछुओं के लयिे जाल का कार्य करता है।**

## 'ओलवि रडिले' कछुए क्या हैं?

- **परचिय:**
  - ये कछुए [माँसाहारी](#) होते **हैं** और इनका ये नाम इनके **जैतून के रंग के कवच (पृष्ठवर्म)** के कारण पड़ा है।
  - वे अपने **अद्वतिीय सामूहकि नीडन** के लयिे प्रसदि्ध हैं, जसि **'अरबिदा' कहा जाता है,** जहाँ हज़ारों मादाएँ अंडे देने के लयिे एक ही समुद्र तट पर एकत्र होती हैं।
- **पर्यावास:**
  - यह **प्रशांत, अटलांटकि और हदि महासागर के उष्ण जल में पाए जाते** हैं।
  - ओडशिा का [गहरिमाथा समुद्री अभयारण्य](#) समुद्री कछुओं के **वशि्व के सबसे बड़े रॉकरी** (प्रजनन करने वाले पशुओं का एक समूह) के रूप में जाना जाता है।




//

- **संरक्षण की स्थिति:**
  - वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972: अनुसूची 1
  - IUCN रेड लिस्ट: असुरक्षित
  - CITES: परिशिष्ट I
- **ओलिव रिडले कछुओं के संरक्षण हेतु नई पहल:**
  - **ऑपरेशन ओलिविया:** प्रत्येक वर्ष, 1980 के दशक की शुरुआत में शुरू किया गया **भारतीय तटरक्षक बल** का "ऑपरेशन ओलिविया" ओलिव रिडले कछुओं को संरक्षित करने में सहायता करता है, क्योंकि वे नवंबर से दिसंबर तक **प्रजनन और घोंसले बनाने के लिये** ओडिशा तट पर एकत्र होते हैं।
    - यह अवैध मत्स्यन की गतिविधियों को भी नियंत्रित करता है।
  - **टर्टल एक्सक्लूडर डिवाइसेज़ (Turtle Excluder Devices-TED) का अनिवार्य उपयोग:**
    - भारत में इनकी आकस्मिक **मृत्यु की घटनाओं को कम करने के लिये** ओडिशा सरकार ने ट्रॉल के लिये **टर्टल एक्सक्लूडर डिवाइसेज़ (Turtle Excluder Devices- TED)** का उपयोग अनिवार्य कर दिया है, जालों को विशेष रूप से एक निकास के साथ बनाया गया है, जिसके उपयोग से समुद्री कछुओं को सुरक्षित निकास मिल जाता है।
  - **टैगिंग:**
    - ओलिव रिडले कछुओं पर गैर-संक्षारक धातु टैग का उपयोग किया जाता है, ताकि वैज्ञानिकों को उनकी **गतिविधियों का पता लगाने** तथा यह जानने में सहायता मिल सके कि वे किन क्षेत्रों में जाते हैं, जिससे उनकी प्रजातियों और उनके आवासों की रक्षा की जा सके।

## स्काई लैंटर्न फेस्टिवल ग्लोफेस्ट:

- यह स्काई लैंटर्न फेस्टिवल **चीन और अन्य एशियाई देशों** में मनाया जाता है, जो चंद्र कैलेंडर के प्रथम माह के 15वें दिन **मृत पूर्वजों का सम्मान** करते हैं।
- इस त्योहार का उद्देश्य सुलह, शांति और क्षमा को बढ़ावा देना है।
- इस अवसर को यादगार बनाने के लिये **मोमबत्तियों से प्रकाशित कागज़ के लालटेन आकाश में छोड़े जाते हैं।**

## ओलवि रडिले कछुओं के समक्ष क्या खतरे हैं?

- **समुद्री दीवारों (Seawalls), रसिॉर्टों और बंदरगाहों का नरि्माण** तटीय वकिास परयिोजनाओं के उदाहरण हैं, जो ओलवि रडिले के घोंसले वाले तटों को नुकसान पहुँचाते हैं एवं उनके **आहार स्थलों** (**foraging grounds**) को नष्ट कर देते हैं।
- वे **गलती से मछली पकड़ने के उपकरण,** जैसे गलिनेट, ट्रैवल और लॉन्ग लाइन में फँस जाते हैं। इससे कछुओं को नुकसान पहुँच सकता है अथवा उनकी मृत्यु हो सकती है।
- **रैकून, केकड़े, पक्षी और लोमड़ी,** ओलवि रडिले कछुओं के घोंसलों पर आक्रमण कर सकते हैं तथा उनके अंडों को खा सकते हैं, जसिसे उनकी संख्या प्रभावति हो सकती है।
- समुद्री कछुओं में अंडों का लगि तापमान पर नरि्भर करता है। उच्च तापमान पर, अधकि मादा हैचलगि्स पैदा होती हैं, जबकि कम तापमान पर, नर हैचलगि्स की संख्या अधकि होती है।
- **वे अक्सर जेलीफशि जैसे खाद्य पदार्थों की तलाश में प्लास्टकि की थैलयिों का सेवन कर सकते हैं जसिसे उन्हें अवरोध और भुखमरी की समस्या हो सकती है।**
- आस-पास के शहरों एवं उद्योगों से आने वाला [कृत्रमि प्रकाश]() हैचलगि्स को भ्रमति कर सकता है, जसिके कारण वे समुद्र से दूर, नकिटवर्ती क्षेत्रों में चले जाते हैं।




## UPSC सविलि सेवा परीक्षा, वगित वर्ष के प्रश्न

***[illegible]:***

**प्रश्न. निम्नलिखित में से कौन-सा एक, भारत का राष्ट्रीय जलीय प्राणी है? (2015)**

(a) खारे पानी का मगर
(b) ऑलिव रिड्ले टर्टल (कूर्म)
(c) गंगा की डॉलफिन
(d) घड़ियाल

**उत्तर: C**

---

**प्रश्न. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए : (2019)**

1. समुद्री कच्छपों की कुछ जातियाँ शाकभक्षी होती है।
2. मछली की कुछ जातियाँ शाकभक्षी होती हैं।
3. समुद्री स्तनपायियों की कुछ जातियाँ शाकभक्षी होती हैं।
4. साँपों की कुछ जातियाँ सजीवप्रजक होती हैं।

**उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?**

(a) केवल 1 और 3
(b) केवल 2, 3 और 4
(c) केवल 2 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

**उत्तर: (d)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/olive-ridley-turtle-5